भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

जैव विविधता हेतु प्रतियोगिता कार्यक्रम

दिनांक : 18.5.2023

भावाअशिप- वन उत्पादकता संस्थान राँची के निदेशक डॉ.योगेश्वर मिश्रा के निर्देशन में दिनांक 18/05/2023 को विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की की नेतृत्व में आदर्श +2 विद्यालय खूँटी में छात्राओं के लिए क्विज़, निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

लगभग 10 शिक्षक – शिक्षिकाओं तथा 110 छात्राओं को संबोधित करती हुई संस्थान की श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की ने जैव विविधता के संतुलन पर विस्तार से प्रकाश डाला । जीवों की इस विविधताओं में सूक्ष्मजीवों से विशाल-काय जीवों के महत्व को बताते हुए उन्होंने डोडो पक्षी के बिलुप्ती के कारण प्रकृति को हुए नुकशान को समझाया। उन्होंने डायनासोर के विनाश से हुए प्रकृति के क्षति को भी समझाया। उन्होंने विस्तार से समझाया की जीवों का अस्तित्व जैव विविधता संरक्षण पर निर्भर करता है।

इसके पूर्व प्राचार्य डॉ कविता कुमारी ने कार्यक्रम के अध्यक्षीय संबोधन में जैव विविधता एवं मानव जीवन के सम्बन्धो को बताते हुए संस्थान के इस सराहनीय कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए लाभदायक बताया । शिक्षको में अंजना डोडाराम, ममता कुमारी,ईशा किरण, रीता कुमारी पुडूगी मुंडू तथा अन्य ने कार्यक्रम की सराहना की । तत्पश्चात क्विज़, चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज़ प्रतियोगिता में 18, चित्रांकन में 13 एवं निबंध में 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। क्विज़ प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की के नेतृत्व में श्री निशार आलम एवं श्री सुरज कुमार द्वारा किया गया। वही चित्रांकन का संचालन श्री करम सिंह मुण्डा एवं निबंध का सचालन श्री बी.डी.पण्डित ने किया। निबंध मूल्यांकन समिति में श्री शुभाष चंदर, श्री बी.डी.पण्डित एवं श्री आशुतोष पाण्डेय ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों का चयन किया। चित्रांकन में श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की,श्री सुरज कुमार एवं श्री करम सिंह मुण्डा ने विजयी प्रतिभागियों का चयन किया। क्विज़ में श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की,श्री सुरज कुमार एवं श्री निशार आलम ने बिजयी प्रतिभागियों का चयन किया। चयनित प्रतिभागियों को जैव विविधता दिवस 2023 के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा ।

आयोजित कार्यक्रम की झलकियां

“जैव विविधता हेतु प्रतियोगिता कार्यक्रम”

दिनांक : 18.05.2023

LiFE Lifestyle For Environment

आयोजित कार्यक्रम की झलकियां

भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)